उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ), फाफामऊ, प्रयागराज– 211021
मोबाइल – 7525048009
ई–मेल – coe@uprtou.ac.in
परीक्षा नियन्त्रक

पत्रांक : ओ. यू. / परीक्षा / 529 / 2025 दिनांक : 29 / 09 / 2025

# सूचना

एतद्द्वारा माननीय कुलपति जी द्वारा दिये निर्देशों के क्रम में समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की सत्रांत परीक्षा दिसम्बर – 2025 की परीक्षा में सम्मलित होने वाले परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म भरने, अधिन्यास, परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट) जमा करने एवं पूर्व की परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण / अनुपस्थित छात्रों को परीक्षा फार्म भरने की तिथियों का विवरण निम्नवत है:–

| क्र. सं. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | सभी वर्ष तथा सभी कार्यक्रमों के परीक्षार्थियों द्वारा अध्ययन केन्द्रों पर अधिन्यास तथा परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट) जमा करने की प्रस्तावित तिथि | 10 नवम्बर 2025 |
| 2 | अध्ययन केन्द्रों द्वारा मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर अंकों को पोर्टल पर टंकित करने की प्रस्तावित तिथि | 25 नवम्बर 2025 |
| 3 | अध्ययन केन्द्रों द्वारा अंक पर्णों को सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र पर जमा करने की प्रस्तावित तिथि | 03 दिसम्बर 2025 |
| 4 | क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा अध्ययन केन्द्रों से प्राप्त अधिन्यास अंक पर्णों से सत्यापन की प्रस्तावित तिथि | 08 दिसम्बर 2025 |
| 5 | सभी वर्ष तथा सभी कार्यक्रमों के परीक्षार्थियों एवं पूर्व की परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण / अनुपस्थित छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भिक प्रस्तावित तिथि (परीक्षार्थियों को 150 /– प्रति प्रश्न पत्र का भुगतान करते हुए परीक्षा फार्म भरना है।) | 25 नवम्बर 2025 |
| 6 | परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 15 दिसम्बर 2025 |
| 7 | अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर 2025 से परीक्षा प्रारम्भ होने की तिथि तक **(विलम्ब शुल्क 1500 /–रूपया तथा परीक्षा शुल्क 150 /– प्रति प्रश्न पत्र सभी परीक्षार्थियों हेतु)** | 23 दिसम्बर 2025 |
| 8 | परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने के उपरान्त परीक्षा फार्म भरने की दशा में **(विलम्ब शुल्क 3000 /–रूपया तथा परीक्षा शुल्क 150 /– प्रति प्रश्न पत्र सभी परीक्षार्थियों हेतु तथा इसकी सूचना** coe@uprtou.ac.in **पर अविलम्ब प्रेषित कर दें।)** | परीक्षा पर्यनत (सम्बन्धित प्रश्न पत्र की परीक्षा की तिथि से एक दिन पूर्व) |
| 9 | सत्रांत परीक्षा दिसम्बर – 2025 की परीक्षा का प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करने की प्रस्तावित तिथि **(जिन प्रश्न पत्रों का अधिन्यास अंक अध्ययन केन्द्रों द्वारा विश्वविद्यालय को आन लाइन प्रेषित किया जायेगा तथा छात्रों द्वारा परीक्षा शुल्क 150 /– प्रति प्रश्न पत्र जमा किया गया होगा उन्ही प्रश्न पत्रों का प्रवेश पत्र निर्गत किया जायेगा।)** | 20 दिसम्बर 2025 |
| 10 | परीक्षा प्रारम्भ होने की प्रस्तावित तिथि | 23 दिसम्बर 2025 |
| 11 | अध्ययन केन्द्रों द्वारा परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट) को परीक्षा विभाग में प्रेषित करने की प्रस्तावित तिथि | 31 दिसम्बर 2025 |

सभी अध्ययन केन्द्र समन्वयकों को सूचित किया जाता है कि सत्रान्त परीक्षा दिसम्बर – 2025 के सापेक्ष प्राप्त अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करा कर अंकों को अपने पैनल पर आनलाइन प्रविष्टि अनिवार्य रूप से करते रहें। अध्ययन केन्द्र सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र

को अधिन्यास अंक के पर्ण की एक प्रति उपलब्ध करायेगें। क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक द्वारा प्रतिदिन आनलाइन अधिन्यास अंकों के सत्यापन का कार्य पूर्ण किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात् अधिन्यास पैनल बन्द कर दिया जायेगा। **यह भी सूचित किया जाता है कि अन्तिम तिथि के पश्चात् आफलाइन अधिन्यास जमा नही किया जायेगा।**

विश्वविद्यालय की सत्रांत परीक्षा दिसम्बर – 2025 की परीक्षा में सम्मलित होने वाले सम्बन्धित परीक्षार्थियों को उन्ही प्रश्न पत्रों के सापेक्ष प्रवेश पत्र निर्गत किये जायेगे, जिसकी अधिन्यास उत्तर पुस्तिका, उन्होंने अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा की होगी तथा जिनका मूल्यांकन करा कर अध्ययन केन्द्र द्वारा अंक विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक आन लाइन उपलब्ध कराये जायेगें।

परीक्षा नियंत्रक

पृ. संख्या ओ. यू./ /2025 तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. नोटिस बोर्ड, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. प्रभारी, तकनीकि प्रकोष्ठ को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल UPLOAD करवाने का कष्ट करें।
3. क्षेत्रीय समन्वयक, गोरखपुर/लखनऊ/वाराणसी/बरेली/प्रयागराज/आगरा/गाजियाबाद/मेरठ/झांसी/कानपुर/अयोध्या/आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि अपने क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले सभी अध्ययन केन्द्रों को उक्त सूचना अपने स्तर से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. समस्त विद्याशाखा के निदेशकगण/पुस्तकालयाध्यक्ष/समस्त प्रभारी, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
5. वित्त अधिकारी, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
6. कुलसचिव, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
7. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक